## अमरवाड़ा बीईओ ऑफिस में बाबूगिरी की तानाशाही से परेशान हैं शिक्षक

# अतिथि शिक्षकों का वेतन नहीं होने पर फीकी मनेगी होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का वेतन इन दिनो तीन माह से लटका हुआ है किंतु अमरवाड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबूओ की तानाशाही और अड़ियल रवैए के कारण अमरवाड़ा विकासखंड के अतिथि शिक्षक इस बार रंगों की होली फीकी एवं बेरंग रूप से मनाएंगे। जिसको लेकर संपूर्ण अमरवाड़ा विकासखंड में पदस्थ अतिथि शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भी हमेशा अतिथि शिक्षकों को आश्वाशन के अलावा कुछ नहीं दिया जाता है जबकि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश अनुसार अतिथि शिक्षकों का माह फरवरी तक का संपूर्ण वेतन होली पर्व के पूर्व ही करने के आदेश विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। किंतु अमरवाड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठे बाबुओं की बाबू गिरी ने इन अतिथि शिक्षकों की



होली बेरंग कर दी है। जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि अमरवाड़ा ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों द्वारा मुझे फोन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि अमरवाड़ा विकासखंड में बैठे मुकेश नेमा बाबू के चक्कर में अतिथियों के बिल छिंदवाड़ा ट्रेज़री से कभी वापिस हो जाते है तो कभी इनके द्वारा गलत हेड डालने से बंटन लेप्स हो जाता है और बिल पास नहीं हो पाते है जिसके कारण अतिथि शिक्षकों का दो माह तक का वेतन नहीं हो पा रहा है और अतिथि शिक्षक परेशान हो रहे हैं।

यदि जल्द ही होली पर्व के पूर्व अतिथि शिक्षकों का वेतन नहीं होता है तो जिले भर में अतिथि शिक्षक अमरवाड़ा बी ई ओ ऑफिस के अधिकारियों एवं बाबूओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।वही इस संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा से बात की गई तो इन्होंने बताया कि माह जनवरी तक का बंटन नवंबर माह में ही आ चुका था किंतु अमरवाड़ा के मुकेश नेमा बाबू की लापरवाही से जनवरी माह तक का वेतन आज दिनांक तक नहीं हुआ है वही फरवरी माह का बंटन वर्तमान में ही डीपीआई भोपाल के द्वारा जारी कर दिया गया है और जिसमें स्पष्ट दिशा निर्देश भी दिया गया है कि होली पर्व के पहले फरवरी माह तक का समस्त अतिथि शिक्षको के वेतन का भुगतान हो जाए और उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र संचालनालय में उपलब्ध कराने संबंधी आदेश दिनांक 7/3/25 को किए जा चुके है किंतु आश्चर्य की बात यह है कि होलिका दहन 13 मार्च को है और अतिथि शिक्षकों का वेतन आज दिनांक तक नहीं हुआ है यह लापरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अमरवाड़ा में बैठे बाबूओ की लापरवाही प्रदर्शित करती है क्योंकि इन्हीं बाबू के कारण पूर्व में भी ऐसी कई लापरवाही की जा चुकी है जिसके कारण अमरवाड़ा ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों को कई कई माह तक वेतन के लिए इंतजार करना पड़ता है। और फिर भी वेतन नहीं हो पाता है। आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ जिला छिंदवाड़ा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि होलीका दहन होली पर्व के पहले अतिथि शिक्षकों के खाते में वेतन नहीं आती है तो अधिकारी और बाबूओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को मजबूर होंगे जिसके जवाबदार अमरवाड़ा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबू एवं अधिकारी होंगे।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा कई बार मुकेश नेमा बाबू को फोन के माध्यम से संपर्क किया गया किंतु वह फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं जिसको लेकर अमरवाड़ा विकासखंड के अतिथि शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है यदि होली पर्व के पूर्व अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं होता है तो हम निश्चित ही धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**योगेश कुमार चौरसिया**
**जिला मीडिया प्रभारी आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ छिंदवाड़ा**

## खाटू श्याम मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



खाटू श्याम मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया समिति ने खाटू श्याम की कृपा बतायाछिंदवाड़ा जिले की तहसील तमिया से प्रति वर्ष अनुसार इस बर्ष भी श्याम समिति तामिया ने फागुन मेल 6मार्च से एक सप्ताह का भंडारे का अयोजन हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम मंदिर राजस्थान में कराया जो चौबीसो घंटो में लाखो श्याम प्रेमियों ने किया समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बताया कई महीनो से मेले की तैयारी कि व्यवस्था में लगे थे समस्त श्याम प्रेमियों के भक्तों के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते हैं आने वाले वर्ष में भव्य भंडारे को आयोजन किया जाएगा भक्तों के लिया यहां सुबह से लेकर रात तक तांता लगा रहता है। सुबह का भंडारा कोल्ड ड्रिंक गाने का जूस ड्राइफ्रूट्स के साथ जलेवी, पोहा चाउमीन, पॉपकॉर्न दोपहर पूड़ी सब्जी खीर रोटी मीठा कुल्फी के काउंटर आदि दोपहर समय भोजन में पूड़ी सब्जी, नान खटाई, रोटी, सब्जी,दाल, रायता, गुलाब जामुन, लड्डु, चावल परोसे जाता रहा पुनः इसी प्रकार के वेयंज रात्रि मे भी कराया गया भक्तों का श्याम समिति तामिया के भंडारों में मन मोह लिया जहा श्याम भक्तो का लाखो की संख्या में चौबीस घंटे तांता लगा है।

## होली के पहले पुलिस ने की बलवा ड्रील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आगामी दिनों में होली, रंगपंचमी, ईद तथा रामनवमी को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न कराने और जनता को पुलिस के चाक चौबंद होने का मैसेज दिए जाने के उद्देश्य से पांढुर्णा पुलिस ने आज विशेष बलवा ड्रील का अभ्यास किया।

यह बलवा ड्रील पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश तथा एडिशनल एसपी नीरज सोनी के मार्गदर्शन में किया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल जवानों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का उपयोग, भीड प्रबंधन की तकनीक एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वें त्यौंहारों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्र के साथ मनाए तथा किसी भी अफवाह से बचे। पुलिस विभाग ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए सभी त्यौंहारों को सुरक्षित एवं खुशहाल वातावरण में मनाए जाने का अनुरोध किया है।

## स्वयं सेविका के लिए आयोजित किया हीमोग्लोबिन जांच कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जुन्नारदेव विशाला में स्वयंसेविकाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राचार्य डॉ टांडेकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी के नेतृत्व में और बीएमओ डॉ बॉथम के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस शिविर में, स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव विशाला की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा स्वयंसेविकाओं के हिमोग्लोबिन की जांच की गई और आयरन की टेबलेट दी गई। इसके अलावा, सिकल सेल एनीमिया की भी जांच की गई। सी एच ओ बरखानिया मैडम द्वारा स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह शिविर स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।

## गुड्डु को 3 साल से नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ

**पांढुर्ना।** गुड्डु तेजी निवासी मेघनाथ वार्ड पिछले 3 सालों से नगरपालिका सीढियां चढ चढ कर त्रस्त हो चुका है। 3 साल पहले गुड्डु का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत होने के बावजूद इस योजना का लाभ प्रदान नहीं किया गया। ज्ञात हो कि गुड्डु अपना जीवनयापन इधर उधर मजदूरी से करता है। य हां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका की प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृत हितग्राहियों की सूची में गुड्डु के पहले और बाद में उल्लेखित हितग्राहियों को योजना का पूरा लाभ मिल चुका है। इन लोगों मकान इस योजना में कब के बन कर पूरे हो चुके है जिनमें हितग्राही खुशी से निवास कर रहे है। लेकिन गुड्डु 3 साल से निरंतर नगरपालिका के चक्कर ही काट रहा है और इसे आश्वासनों के सिवाय कुछ हासिल नहीं हो रहा है। होना तो यह चाहिए कि इस मजदूर को 3 साल पहले आवास योजना के लाभ से क्यों वंचित रखा गया ? इसके पीछे क्या कारण है और इसका दोषी कौन है ? इसकी जांच कर सीएमओ द्वारा उचित कारवाई की जाए।



## 7 दिनों तक स्वयंसेवक ग्राम पंचायत में चलाएंगे स्वच्छता अभियान



**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 11 मार्च मंगलवार से प्रारंभ हुआ है यह शिविर जो नागदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलमऊ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के मार्गदर्शन में एनएसएस अधिकारी डॉक्टर स्क शिंदे के निर्देशन में प्रारंभ हुआ है जिसे मंगलवार को महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर संगीता वाशिंगटन सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई देकर रवाना किया। 7 दिनों तक स्वयंसेवक ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान नशा मुक्ति अभियान पॉलिथीन मुक्त ग्राम सहित अनेक जन जागरूकता की मुहिम चलाएंगे।

## पीएम कॉलेज में कंप्यूटर अवेयर प्रशिक्षण

**पांढुर्ना।** आज पीएम कॉलेज ऑफ एक्सलेंस शासकीय विज्ञान विद्यालय में सॉफ्ट कम्पोनेंट अंतर्गत कौशल विद्या को बढावा देने तथा छात्र छात्राओं की कंप्यूटर स्किल विकसित करने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। य शिविर प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान के सौजन्य से महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन तथा आंतरिक उच्च गुणवत्तायुक्त प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर आगामी 26 मार्च तक जारी रहेगा।



## बोनकट्टा में डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कटंगी।** सोमवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे जिले के पूर्व सांसद बोधसिंह सिंह भगत के विशेष आतिथ्य में बोनकट्टा के तालाब मैदान में डे-नाइट अंतरराज्यीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (बीपीएल) का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का शुरुआती मैच बम्हनी और नाकाडोंगरी के बीच खेला गया. पूर्व सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधि के तौर पर जीवन में बहुत सी प्रतियोगिता का शुभारंभ करने का मौका मिला लेकिन बोनकट्टा का यह आयोजन बेहद सुचारू रूप से हुआ है. इस आयोजन समिति से ना सिर्फ खेल के क्षेत्र में बल्कि जीवन के क्षेत्र में भी सीखने की जरूरत है. क्रिकेट देश का लोकप्रिय खेल है, इस प्रतियोगिता से खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आएगी. आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने कहा कि अब तक टेलीविजन में ही क्रिकेट का भव्य आतिशबाजी के साथ शुभारंभ होते देखा था. आज पहली बार इस तरह का भव्य आयोजन बोनकट्टा में हो रहा है।

## आवारा कुत्ते ने दर्जन भर लोगों को काटकर किया जख्मी

### घायलों में महिलाएं, वृद्ध और बच्चे शामिल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में एक आवारा कुत्ते ने बीते दो दिनों से जमकर उत्पात मचाकर रखा हुआ है. इस कुत्ते ने दर्जन भर लोगों को काटकर जख्मी कर दिया है. जिससे लोग डरे सहमे हुए है और अपने घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है. घायलों में 04 वर्ष के मासूम बच्चे से लेकर महिलाएं और 70 वर्षीय बुर्जुग समेत कुल मिलाकर 12 लोग शामिल है. इन सभी को आवारा कुत्ते ने हाथ-पैर में बुरी तरह से नोंचकर घायल किया है. यह सभी घटनाएं करीब 06 किमी. के दायरे में बसे गांवों के बीच में हुई है. घायलों को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है. वहीं दो महिलाओं को अत्यधिक चोट आने पर नागपुर रेफर किया गया है. आवारा कुत्ते के द्वारा हमले की यह सभी घटनाएं सोमवार की शाम साढ़े



05 बजे से शुरू हुई जो रात्रि करीब 10 बजे तक जारी रही. घायलों को एक के बाद एक सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया. जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी को रेफर कर दिया गया है।

आवारा कुत्ते के हमले की यह सभी घटनाएं कोहका, डोंगरगांव, बोलडोंगरी, बोथवा, कटेधरा, सावरी और नांदी में घटित हुई है. मिली जानकारी अनुसार आवारा कुत्ते ने चैतन्य पिता जगदीश उम्र 05 वर्ष निवासी कोहका, डोलनदास पिता ढोढ़ु उम्र 62 वर्ष निवासी घुनाड़ी, पुरना बाई पति उमेश इनवाते उम्र 65 वर्ष निवासी बोलडोंगरी, रूपसिंह पिता बी.एस.मडावी उम्र 55 वर्ष निवासी जबलपुर, अनरव पिता रामदयाल परते उम्र 04 वर्ष निवासी बोथवा, जयवंता बाई पति भीकलाल परते उम्र 70 वर्ष निवासी बोथवा, सीता पति फुलचंद ठाकरे उम्र 45 वर्ष निवासी कटेधरा, तनु पिता रमेश मेश्राम उम्र 13 वर्ष निवासी सावरी, लवेश पिता शैलेन्द्र उम्र 07 वर्ष निवासी डोंगरगांव, असरफ पिता हफीज उम्र 08 वर्ष निवासी नांदी, गोपीचंद पिता बाबुराव उम्र 43 वर्ष निवासी नांदी और ओमशंकर पिता मोतीराम उम्र 55 वर्ष निवासी सावरी को जख्मी किया है. इन सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है. अधिकांश घायलों को संजीवनी 108 के चिकित्सक डॉ गौरीशंकर पटले ने जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया. इन सभी को एक ही कुत्ते ने काटकर जख्मी किया है।

## लांजी में खनिज संपदाओं को खनन माफिया पहुंचा रहे नुकसान

# खनिज विभाग के संरक्षण से माफिया हो रहे हैं मालामाल

### सरकार को लग रहा करोड़ों का चूना, छलनी हो रहे खेत, पहाड़, नदियां

### खनिज विभाग का अंकुश नहीं लगने से अवैध उत्खननकर्ता हुए निरंकुश



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले की लांजी तहसील में गजब का काला खेल चल रहा है, यहां खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन काफी लंबे समय से चल रहा है। और वर्तमान परिस्थिति अनुसार उत्खनन, परिवहन के इस अवैध खेल में खनिज विभाग का पूरा-पूरा मौन समर्थन दिखाई देता है, क्योंकि अतिरिक्त कमाई के चक्कर में खनिज विभाग के अधिकारी शासन को हर रोज सेटिंग के चलते लाखों रुपयों का चूना लगा रहे हैं।अवैध रूप से परिवहन के मामले में जिस तरह के हथकंडे अपनायें जाते हैं। वह सब विभागीय अधिकारियों द्वारा बताये जाते हैं, अवैध परिवहन के मामले में कई गुना पैसों का खेल चलता है। सूत्रों के अनुसार लांजी तहसील जो प्राकृतिक एवं खनिज संपदा से भरपूर है जहां सरकारी और निजी भूमि पर खनन माफियाओं द्वारा लगातार मिट्टी, मुरूम और रेत का उत्खनन 24 घंटे किया जा रहा है। परंतु इन खनन माफियाओं से खनिज विभाग पैसा तो वसूलता ही लेता है। लेकिन उनके खिलाफ कार्यवाही करने से कतराता जिस की वजह से अवैध उत्खननकर्ता के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पाती है । लांजी और उसके आसपास के क्षेत्र में अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा बिना अनुमति लिये मिट्टी मुरूम खोद रहे है परंतु खनिज विभाग की कृपा के चलते सब अंधेर गर्दी में घटित हो रहा है।असली खेल तो दिनदहाड़े सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के खनिज विभाग की मिलीभगत से कई ट्रेक्टर मुरूम और मिट्टी निकाल दिऐ जाते हैं । वहीं दूसरी तरफ शासन और प्रशासन मुरम के अवैध परिवहन पर रोक लगा पाने में नाकाम साबित हो रहा है और सेटिंग के चक्कर में रोक लगाने हेतु कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस ओर वर्तमान कलेक्टर मृणाल मीना का भी ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा। इस संबंध में कई बार फोन पर उन्हें इस खेल की जानकारी दे दी गई है। पर कलेक्टर साहब पूरी बात तक सुनते नहीं हैं और मैसेज पर जानकारी भेजने की बात कर देते है । वहीं कई बार लांजी तहसील में हो रहे अवैध उत्खनन की जानकारी खनिज विभाग को भी भेज दी जाती लेकिन उसके बाद भी खनिज विभाग ने कोई कार्यवाही करना जरूरी नहीं समझा अगर कार्यवाही की भी तो वहीं से बैठे-बैठे कार्यवाही कर मामले से पल्ला झाडने का कार्य किया है, मौके पर आकर मौका निरीक्षण नहीं किया इससे साफ जाहिर होता है कि खनिज विभाग की भू-माफियाओं को पूरी डील है अवैध उत्खनन कराने में खनिज विभाग का पूरा साथ भूमाफिया को मिलता है वहीं जनप्रतिनिधी बार-बार मीडिया के सामने अवैध खनन करने वालों पर भू माफियाओं पर कार्रवाई करने की बात अधिकारियों से कहते तो हैं परंतु उनकी भी अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।

## होली त्यौहार के लिये सजी रंग-गुलाल की दुकानें

# कल होलिका दहन, 14 को मनाया जाएगा रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज लांजी।

होली के त्योहार को लेकर नगर व देहात क्षेत्र में गुलाल और रंगों से दुकानें सज चुकी हैं। पूरे दिन दुकानों पर रंग और गुलाल खरीदने वालो की भीड़ जुट रही है। नगर में शुक्रवार को होली का त्योहार बनाया जाएगा। होली पर लोग भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे के रंग लगाते हैं। इसी परंपरा को बनाए रखने के लिए सोमवार से बाजारों में रंग और गुलाल, पिचकारियां आदि सामान की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटी रही। इससे बाजार गुलजार रहा। दुकानदारों का कहना है कि बाजारों में होली त्योहार लेकर रौनक लौट आई है। बाजारों में मिठाई की दुकान से लोग गुंजिया भी खरीदते नजर आए। बाजारों में बढ़ती भीड़



को देखकर पता चलता है कि होली के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। होली पर्व के चलते बाहर कमाने गए लोगों व अन्यत्र ड्यूटी कर रहे कर्मचारी भी अपने-अपने घरों में आने लगे हैं, ताकि पारिवारिक माहौल में यह पर्व मनाया जा सके। बाजार में रंग गुलाल की दुकानें सज तो गई हैं। बता दे की होली पर्व पर आज भी ग्रामीण अंचलों में शक्कर की चाशनी से बनी माला बांटने की परंपरा अब भी बरकरार है, बच्चों, बूढ़ों को माला भेटकर तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। इतना ही नहीं विदर्भ की सीमा से लगे होने के कारण जहां शादी जुड़ जाती है, उन परिवारों द्वारा लड़की वालों के घर माला लेकर जाने की परंपरा भी देखी जाती है। गगाठी भेटग कर दोनों परिवार एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई देते हैं।

## शासकीय महाविद्यालय में वर्मी कम्पोस्टिंग विषय पर एक दिवसीय कार्य शाला का आयोजन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को),पर्यावरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के प्रायोजन में शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के ईको क्लब व वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा वर्मी कम्पोस्टिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ0 हेमंत कुमार मंडाले के मार्गदर्शन तथा ईको क्लब प्रभारी डॉ0 त्रिरत्नेश गजभिये के निर्देशन में किया गया।



इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में अवधेश सिंह चौधरी विभागाध्यक्ष कृषि संकाय सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट व अभिषेक ठाकरे सहायक प्राध्यापक कृषि विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत शाल व श्रीफल से किया गया।

कार्यशाला के संयोजक डॉ त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा वर्तमान परिदृश्य में वर्मी कम्पोस्ट की आवश्यकता को समझाते हुए कार्यशाला आयोजन की उपयोगिता तथा इसके दोनों सत्रों की कार्य योजना को बताया गया। इसके पश्चात डॉ0 प्रवीण पन्द्रे, हेमन्त गनवीर, श्रीमती सरिता नागवंशी, नरेंद्र कुमार डोंगरे व विजय दांदरे के द्वारा भी केचुओं द्वारा जैविक खाद के उपयोग तथा निर्माण प्रक्रिया पर विचार रखे गए।

प्रथम सत्र में अवधेश सिंह चौधरी द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता खत्म होने के पीछे विभिन्न मानव जनित कारणों को बताया गया। उन्होंने बताया कि आज के परिदृश्य में हम व्यवहारिक परंपरागत कृषि को भूलते जा रहे है तथा किस प्रकार नई तकनीकों और रसायनों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता कम होते जा रही है।

## गैस सिलेंडर में लगी आग, मकान मालिक व फायर कर्मियों की सतर्कता से बची बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर 9 अयोध्या बस्ती में एक बड़ी दुर्घटना होते होते बीच गई। जानकारी अनुसार रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे एक घर में सब्जी बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसमें मकान मालिक का कुछ सामान जल गया। वहीं फायर ब्रिगेड की मदद से समय पर आग पर काबू पा लेने से मकान मालिक का अधिक नुकसान नहीं हुआ और बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। घटना वारासिवनी की अयोध्या बस्ती में रहने वाले मुरली मानेश्वर के घर की है ।



मकान मालिक मुरली मानेश्वर ने बताया कि वह रात्रि में भोजन बनने के बाद गैस चूल्हे पर अंडे की भुजिया बना रहा था। इसी बीच अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसे बुझाने का प्रयास मुरली द्वारा किया गया, तो वह बाजू में रखे हुए लकड़ी के टेबल पर गिर गयाए, जिससे टेबल व वहां रखे हुए सामानों में आग लग गई। यह देखकर उसने तत्काल घर के सभी लोगों को बाहर निकाला और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले वालों को आग लगने की जानकारी दी। जिस पर मोहल्ले वालों ने नगरपालिका के फायर ब्रिगेड अमले को घटना की जानकारी दी।

इसी बीच पार्षद प्रवीण डोंगरे भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने भी फायर ब्रिगेड प्रभारी सूरज करकाडे को जल्दी फायर ब्रिगेड लाने का निर्देश दिया। जिस पर फायर ब्रिगेड तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गई और सभी कर्मचारियों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही हैं कि इस दौरान गैस सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। इस घटना में मकान मालिक का अधिक नुकसान होने से बच गया।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 17 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अष्टोत्तरशत (108)श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कथा व्यास जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्द में 17 मार्च से 23 मार्च तक नंदीकेश्वर धाम परशुराम भवन दर्शिका लॉन बरघाट रोड सिवनी में आयोजित की गई है। अखिल ब्रम्हाण्ड नायिका करूणामई श्रीमाता भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी एवं ब्रम्हलीन प्रातः स्मरणीय स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की कृपा से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन हेतु एक बैठक होटल महाराजा इन में रखी गई थी जिसमें आयोजन के कार्यविभागजन हेतु 19 समितियों का गठन किया गया। तथा संबंधित जनों को दायित्व सौंपे गये हैं।

# किसानों की मांगों को लेकर केवलारी विधायक रजनीश सिंह एवं कांग्रेस विधायक दल ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

11 मार्च 2025 को केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह एवं कांग्रेस विधायक दल ने किसानों की माँगों को लेकर प्रदर्शन किया। केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह एवं कांग्रेस पक्ष के विधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास किसानों की माँगो को लेकर प्रदर्शन किया।

कांग्रेस विधायकों ने प्रदर्शन में केवलारी विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों की घोर लापरवाही के कारण अन्नदाताओं किसानों को पानी नहीं मिला जिसके कारण अन्नदाताओं किसानों की फसल सुखकर नष्ट हो गई है।

मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार एक तरफ़ किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती ही और दूसरी और किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी, खाद, बीज एवं बिजली न देकर किसानों को कजर् और घाटे में धकेल रही है।

आज विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कर





केवलारी विधानसभा क्षेत्रंतार्गत आने वाले विभिन्न टेल क्षेत्र के ग्रामों में पानी न मिलने के कारण जो फसल सूखकर नष्ट हुई है उसका सर्वे कराया जाकर आर बी सी 64 के तहत अन्नदाता किसानों को मुआवजा दिये जाने की माँग किया व पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने की माँग की। विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पानी की जटिल समस्या को लेकर ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा जिसमें कहा जल संसाधन विभाग की घोर लापरवाही के कारण भीमगढ़ बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी किसानों को पानी नहीं मिला जिससे उनकी फसल नष्ट हो गई जबकि सीजन के पूर्व विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों के द्वारा 15-15 दिनों में किसानों को पानी दिये जाने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद ही किसानों ने अपनी बोनी की थी परंतु आज क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा ऐंसी स्थिति निर्मित की गई की कही 1 पानी मिला और कही 2 पानी मिला व कही तो आज दिनांक तक पानी नहीं पहुँचा।वर्तमान में किसानों ने अपनी पूरी लागत तो खेत में लगा दी और पानी न मिलने के कारण फसल सुखकर नष्ट हो गई। जिसके कारण अन्नदाता किसानों के माथे में चिंता की लकीरें पड़ी है।

### इधर, धरना प्रदर्शन का मंच गिरा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पप्पू खुराना हुए घायल

सिवनी। कांग्रेस के द्वारा भोपाल में एक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था इस आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए थे सिवनी जिले से राजकुमार पप्पू खुराना के नेतृत्व में अनेकों कांग्रेस के नेता भोपाल पहुंचे थे। बताया जाता है कि प्रदर्शन कार्यक्रम के लिए जो मंच बनाया गया था इस मंच में अत्याधिक नेताओं का जमावड़ा लग गया जिसकेचलते मंच टूटकर गिर गया। इस मंच में सिवनी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना भी थे। राजकुमार खुराना के पैरों में चोटे आई हैं जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजकुमार खुराना के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलने के बाद प्रदेश के अनेकों कांग्रेस के दिग्गज नेता उन्हें देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने वालों में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह एवं अनेकों पूर्व मंत्री शामिल रहे।

# आटो पलटा, 8 महिलाएं घायल



*हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर में एक सड़क हादसा हुआ है। बर्रा टोला के पास एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से 8 महिलाएं घायल हो गईं। महिलाएं ककर तला गांव में गंगाजली पूजन से वापस लौट रही थीं। घायल महिलाओं को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दो महिलाओं की गंभीर स्थिति के कारण उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाकी महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।*

*घायल महिलाओं में शिववती (45), संपति यूने (40), सकुंती (50), साको बाई (60), बुधिया बाई (50), विनीता (18) और बेदा बाई अल्कोर (40) शामिल हैं। हादसे के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उन्होंने लोगों से वाहन सावधानी से चलाने की अपील की है।*

### तेज रफ्तार बाईक किराना दुकान में घुसी, दुकानदार गम्भीर रूप से घायल



**सिवनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छिंदवाडा चौक पर स्थित नरेंद्र किराना में सोमवार को लगभग 5 बजे एक तेज रफ्तार सीडी डीलक्स मोटर साईकिल लापरवाही पूर्वक चलाते छिंदवाडा से मठ मंदिर की ओर जाते समय मेरी दुकान के सीधे अन्दर घुस गया जिससे काउंटर टेबल मेरे पेट में लगा है, तथा दाहिने हाथ की उंगलियों में चोट लगी है, तथा फ्रीजर, इलेक्ट्रानिक तराजू, काउंटर टेबल, शोकेश के कांच की क्षति हुई है। मोटर साईकिल का नम्बर देखा मोटर साईकिल सीडी डिलक्स एमएच -31-बीव्ही-5231 है । चालक का नाम पूछने पर अपना नाम किशोर तिडगाम निवासी ग्राम अगरवाडा आष्टा थाना बरघाट का रहने वाला बताया इसी व्यक्ति ने अपनी मोटर साईकिल तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरी दुकान में घुसने से मुझे चोटें आई तथा उक्त सामान की क्षति हुई है। समीप ही दुकानदार शिव सनोडिया,रवि चंद्रवंशी ने दुकान से बाइक को बाहर निकाला एवं लापरवाह बाईक सवार को कोतवाली थाना पहुंचाया एफ आई आर दर्ज कराई एवं दुकानदार को अस्पताल उपचार कर घर पहुंचाया। दुकानदार ने उचित कार्यवाही कर नुकसानी की मांग की।

# 31 जुलाई तक की अवधि के लिये जिला जल अभावग्रस्त घोषित

### बिना अनुमति नहीं होंगे नलकूप खनन

### बिना अनुमति सार्वजनिक स्रोतों से सिंचाई एवं औद्योगिक प्रयोजन से नहीं लिया जा सकेगा पानी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

आगामी ग्रीष्म ऋतु में नागरिको के लिये पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता की पूर्ति को लेकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने म.प्र. शासन राजस्व विभाग (राहत) भोपाल द्वारा सूखा, पेयजल संकट एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिये 03 नवम्बर 2007 में जारी निर्देशों की कंडिका 43 पर उल्लेखित म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2002 के अंतर्गत संपूर्ण सिवनी जिले को 15 मार्च से 31 जुलाई 2025 तक के लिये जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया हैं।

जारी आदेशानुसार घोषित जल अभावग्रस्त अवधि में सक्षम अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, किसी भी सार्वजनिक स्त्रोत यथा-नदी, नालों, बंधान, स्टॉपडेम, जलधारा, जलाशय, सार्वजनिक कुंओं, झिरिया तथा पेयजल के अन्य स्त्रोतो से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल का उपयोग नही कर सकेगा। इसी तरह कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण नलकूप खनन नहीं करेगा।

इस दौरान जिले में नदी, नालों, बंधानों, नहरों, जलाशय एवं बांधों से पेयजल तथा निस्तार प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिये पानी का उपयोग करने पर जल संसाधन विभाग अथवा संबधित विभाग की जिम्मेदारी होगी कि वे क्षेत्र में स्थापित मोटर पंप की सूची म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को उपलब्ध करावें एवं ऐसे मोटर पंप के विद्युत विच्छेद संबधित कार्यपालन अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की द्वारा किया जायेगा।

यदि किसी व्यक्ति, संगठन, प्राधिकरण प्रतिबंधित अवधि में सिंचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिये पानी के उपयोग की अनुमति चाहते है तो वे अधिनियम की धारा 4 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार नवीन नलकूप, नलकूप गहरीकरण, नलकूप की साफ-सफाई के लिये अधिनियम की धारा -6 एवं संबधित नियमों के तहत आवेदन प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ-साथ नलजल प्रदाय योजनाओं से पेयजल प्रदाय किये जाने में भी जिन नल कनेक्शन वाले घरों में मोटर पंप स्थापित कर प्रेसर से पानी खींचा जाता है जिससे अन्य घरों में पानी नहीं पहुच पाता है। ऐसे स्थानों में संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरपालिका द्वारा भी मोटर जप्ती की कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेशानुसार नलकूप खनन, नलकूपों की साफ-सफाई आदि की अनुमति देने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर 02 साल का कारावास अथवा 2 हजार रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

### आदर्श ग्राम में हुआ भ्रमण,नर्सरी हुई स्थापित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आदर्श ग्राम सोहागपुर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रयोगशाला ग्राम में फील्ड कार्यक्रम किया गया, जिसमे नर्सरी की स्थापना की गईं साथ ही ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र में बैठक की गईं उसमें मध्यप्रदेश आजीविका मिशन स्व सहायता समूह की महिलाओं को बुलाया गया,साथ ही उनको बताया गया की सामूहिकता से कितने फायदे हैं,उन्हें स्व सहायता निर्माण करने संगठित होने के साथ साथ मशरूम उत्पादन के बारे में बताया गया की कैसे इसके द्वारा कम लागत से लाखो की कमाई कर सकते हैं।गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करके इस अवस्था में पोषक तत्वों की शारीरिक जरूरतों के बारे में बताया गया और आसपास साफ सफाई के महत्व के बारे में बताया गया, गर्भवती महिलायों को विशेष ध्यान रखने को बताया गया। इस फील्ड विजिट में जन अभियान परिषद लखनादौन विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव एवं समाज कार्य स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र. छात्राए और नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोहागपुर ग्राम उत्थान समिति सोहागपुर के समस्त सदस्य, अनामिका जैन परामर्शदातागण उपस्थित रहे

# जिले मे बढ़ रहे अपराध, कट्टा अड़ाकर शिक्षक के घर लूट, शिक्षक को बनाया बंधक, मांगे 50 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज सिवनी।






जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक भयावह घटना घटी। छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज के समीप सुंदर नगर छिंदवाड़ा रोड बायपास स्थित बम्होड़ी निवासी शिक्षक के घर पर लुटेरों ने हमला किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक को बंधक बनाकर लूटपाट की और 50 लाख रुपये मांगने लगे।

कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक भयावह घटना घटी। छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज के समीप सुंदर नगर छिंदवाड़ा रोड बायपास स्थित बम्होड़ी निवासी शिक्षक के घर पर लुटेरों ने हमला किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक को बंधक बनाकर लूटपाट की और 50 लाख रुपये मांगने लगे। शिक्षक योगेश उपाध्याय, जो कि एमएलबी स्कूल में पदस्थ हैं, अपने बेटे के साथ घर में अकेले थे। उनकी पत्नी और बेटी वृंदावन यात्रा पर गई हुई थीं। शनिवार रात करीब 1 बजे अचानक कुछ हलचल हुई, जिससे उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि तीन से चार नकाबपोश लुटेरे घर में घुसे हुए थे। उनमें से दो ने उनका गला दबाया, जबकि तीसरे ने उनके सिर पर तमंचा अड़ा दिया। इसके बाद वे लगातार यह पूछते रहे कि 50 लाख रुपये कहां रखे हैं।

**पुत्र के बाहर होने का उठाया फायदा**

घटना के समय शिक्षक का पुत्र घर में पढ़ाई कर रहा था, लेकिन कुछ देर के लिए बाहर गया था। जाते समय उसने चैनल गेट में ताला लगा दिया था। इसी दौरान लुटेरे वहां पहुंचे और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर लूटपाट की योजना बनाई। कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक भयावह घटना घटी। छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज के समीप सुंदर नगर छिंदवाड़ा रोड बायपास स्थित बम्होड़ी निवासी शिक्षक के घर पर लुटेरों ने हमला किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक को बंधक बनाकर लूटपाट की और 50 लाख रुपये मांगने लगे।

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक भयावह घटना घटी। छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज के समीप सुंदर नगर छिंदवाड़ा रोड बायपास स्थित बम्होड़ी निवासी शिक्षक के घर पर लुटेरों ने हमला किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षक को बंधक बनाकर लूटपाट की और 50 लाख रुपये मांगने लगे।

शिक्षक योगेश उपाध्याय, जो कि एमएलबी स्कूल में पदस्थ हैं, अपने बेटे के साथ घर में अकेले थे। उनकी पत्नी और बेटी वृंदावन यात्रा पर गई हुई थीं। शनिवार रात करीब 1 बजे अचानक कुछ हलचल हुई, जिससे उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि तीन से चार नकाबपोश लुटेरे घर में घुसे हुए थे। उनमें से दो ने उनका गला दबाया, जबकि तीसरे ने उनके सिर पर तमंचा अड़ा दिया। इसके बाद वे लगातार यह पूछते रहे कि 50 लाख रुपये कहां रखे हैं। घटना के समय शिक्षक का पुत्र घर में पढ़ाई कर रहा था, लेकिन कुछ देर के लिए बाहर गया था। जाते समय उसने चैनल गेट में ताला लगा दिया था। इसी दौरान लुटेरे वहां पहुंचे और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर लूटपाट की योजना बनाई। लुटेरों ने शिक्षक के हाथ, पैर और मुंह रस्सी से बांध दिए और उनके घर में आलमारी, दीवान पेटी और अन्य जगहों की तलाशी लेने लगे।

लूटपाट के दौरान एक लुटेरे ने शिक्षक से कहा, आप पिता समान हैं, हम आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, बस हमें पैसे चाहिए। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने दबाव बनाने के लिए उनका गला जोर से दबाया। लुटेरों ने शिक्षक के हाथ, पैर और मुंह रस्सी से बांध दिए और उनके घर में आलमारी, दीवान पेटी और अन्य जगहों की तलाशी लेने लगे।

घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे भाग गए। कुछ समय बाद शिक्षक का पुत्र घर लौटा। उसने देखा कि चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर उसने अपने पिता को बांधकर पड़ा देखा। उसने तुरंत पिता को खोला और फिर दोनों कोतवाली थाना पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।

**पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश**

इस घटना के बाद से इलाके के लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। सिवनी जिले में हुई यह लूटपाट की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। पुलिस को चाहिए कि वे शीघ्र ही अपराधियों को पकड़कर कड़ी सजा दिलाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### इधर,पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने की अपराधो की समीक्षा



*जिले के कंट्रोल रूम में जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारियों की अपराध समीक्षा पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा विस्तृत रूप से की गई। अपराध समीक्षा के दौरान जिले के गंभीर अपराधों, चिन्हित अपराधों की समीक्षा की गई।बीट प्रणाली एवं विवेचना में आने वाली समस्याओंके निवारण के मुद्दों पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। गोवंश परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक आदेश वितरित किए गए। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा,अनुविभागीय अधिकारी ,थाना प्रभारियों के साथ, जिला विशेष शाखा, साइबर शाखा के अधिकारी भी उपस्थित रहे।*

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के विद्यार्थियों ने पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी की इको-क्लब इकाई के माध्यम से ऐप्को द्वारा संचालित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को पेंच नेशनल पार्क भ्रमण कराया गया था जहां पर वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. पूनम अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। कंपटीशन के अंतर्गत की गई सुंदर फोटोग्राफी की प्रदर्शनी का आयोजन लगातार महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण, अपनी जिले की जैव-विविधता को समझने एवं उसके संरक्षण हेतु प्रेरित करना है। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को जैव विविधता और वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में करीब से देखने उनके व्यवहार और क्रियाकलापों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हो रहा है। एवं अपनी पेंच नेशनल पार्क की जैव विविधता को करीब से जानने का अवसर मिल रहा है जिससे भविष्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। पेंच नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वनस्पति की बहुत सी प्रजातियों के साथ-साथ वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियां जैसे चीतल, सांभर, नीलगाय, हाथी, तेंदुआ, मोर, बायसन और प्रवासी पक्षियों को करीब से देखा और स्वयं उनकी फोटोग्राफी भी की फोटोग्राफी में प्रथम स्थान अंकित ठाकुर की फीडिंग मदर वाली फोटोग्राफ को मिला द्वितीय स्थान रवीना मसराम एवं तृतीय स्थान आयुष नायक ने प्राप्त किया कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रचार डॉ रवि शंकर नाग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस एग्जीबिशन में इको-क्लब एवं महाविद्यालय में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगणो और अधिकारी कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 118 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम ताखलाखुर्द निवासी मंगलसिंह अहरवार द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम गंगई निवासी नारायण सिंह एवं अन्य द्वारा नक्शा में सुधार किये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम किंदरई निवासी हीरालाल कौशले द्वारा धान बिक्री की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम चक्कीखमरिया निवासी सुखवती यादव द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम नगझर बरघाट निवासी तारन बाई द्वारा अंत्योदय कार्ड में 35 किलो राशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम नकटिया थाना बंडोल निवासी गनेश टेकाम द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोड़े जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम सरगापुर संगई निवासी जगन्नाथ सनोडिया द्वारा बीपीएल कार्ड दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम चंडी छपारा निवासी सबीना बी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरीटीका निवासी हीरालाल धुर्वे द्वारा ग्राम में नलजल योजना का लाभ दिलाये जाने एवं ट्रांसफार्मर सुधार करने विषयक, कस्तूरबा वार्ड सिवनी निवासी नान्हों प्रसाद सिंगोतिया द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम नगझर पोस्ट बींझावाडा तहसील सिवनी निवासी बबीता गिरी द्वारा अतिगरीबी राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम मोहबर्रा निवासी ताराचंद माहुले द्वारा सीमांकन की प्रतिलिपि दिलाये जाने विषकय, ग्राम भोमा थाना कान्हीवाडा निवासी लक्ष्मी प्रसाद द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि एवं वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बोरदई निवासी राजेंद्र माहर एवं अन्य द्वारा आवसीय भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम विजयपानी खुर्द निवासी अमरवती व अन्य द्वारा संबल योजना अंतर्गत बीमा की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांकी निवासी कुंदन सतनामी द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, कबीरवार्ड डूंडासिवनी निवासी रधुवीर द्वारा परिवार के समग्र कार्ड खाद पर्ची अनुसार राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम सिरमंगनी निवासी विनोद यादव एवं अन्य द्वारा अवैध उत्खनन कार्य में तत्काल रोक लगाये जाने विषयक, ग्राम खुर्सीपार खुर्द बरघाट निवासी विनोद तेकाम द्वारा धान विक्रय की राशि वापस किये जाने विषयक, सहित कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है और सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है- पंडित दीपचंद शास्त्री

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



शिवपुराण' एक प्रमुख तथा सुप्रसिद्ध पुराण है, जिसमें परात्पर परब्रह्म परमेश्वर के 'शिव' (कल्याणकारी) स्वरूप का तात्त्विक विवेचन, रहस्य, महिमा एवं उपासना का सुविस्तृत वर्णन है[6]। भगवान शिवमात्र पौराणिक देवता ही नहीं, अपितु वे पंचदेवों में प्रधान, अनादि सिद्ध परमेश्वर हैं एवं निगमागम आदि सभी शास्त्रों में महिमामण्डित महादेव हैं। वेदों ने इस परमतत्त्व को अव्यक्त, अजन्मा, सबका कारण, विश्वपंच का स्त्रष्टा, पालक एवं संहारक कहकर उनका गुणगान किया है। श्रुतियों ने सदा शिव को स्वयम्भू, शान्त, प्रपंचातीत, परात्पर, परमतत्त्व, ईश्वरों के भी परम महेश्वर कहकर स्तुति की है। 'शिव' का अर्थ ही है- 'कल्याणस्वरूप' और 'कल्याणप्रदाता'। परमब्रह्म के इस कल्याण रूप की उपासना उटच्च कोटि के सिद्धों, आत्मकल्याणकामी साधकों एवं सर्वसाधारण आस्तिक जनों-सभी के लिये परम मंगलमय, परम कल्याणकारी, सर्वसिद्धिदायक और सर्वश्रेयस्कर है। शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि देव, दनुज, ऋषि, महर्षि, योगीन्द्र, मुनीन्द्र, सिद्ध, गन्धर्व ही नहीं, अपितु ब्रह्मा-विष्णु तक इन महादेव की उपासना करते हैं। इस पुराण के अनुसार यह पुराण परम उत्तम शास्त्र है। इसे इस भूतल पर भगवान शिव का वाङ्मय स्वरूप समझना चाहिये और सब प्रकार से इसका सेवन करना चाहिये। इसका पठन और श्रवण सर्वसाधनरूप है। इससे शिव भक्ति पाकर श्रेष्ठतम स्थिति में पहुँचा हुआ मनुष्य शीघ्र ही शिवपद को प्राप्त कर लेता है। इसलिये सम्पूर्ण यत्न करके मनुष्यों ने इस पुराण को पढ़ने की इच्छा की है- अथवा इसके अध्ययन को अभीष्ट साधन माना है। इसी तरह इसका प्रेमपूर्वक श्रवण भी सम्पूर्ण मनोवंछित फलों के देनेवाला है। भगवान शिव के इस पुराण को सुनने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है तथा इस जीवन में बड़े-बड़े उत्कृष्ट भोगों का उपभोग करके अन्त में शिवलोक को प्राप्त कर लेता है। यह शिवपुराण नामक ग्रन्थ चौबीस हजार श्लोकों से युक्त है। सात संहिताओं से युक्त यह दिव्य शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है और सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

## पांढरवानी रामजीटोला की महिलाओं ने पट्टे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

# जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास का लाभ..?

### वर्ष 2003 से भूमि पर निवासरत अनेकों परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



जनपद पंचायत लालबर्रा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पांढरवानी के रामजीटोला की दर्जनों ग्रामीण महिलाओ द्वारा मंगलवार को कार्यालय जनपद पंचायत लालबर्रा पहुंचकर अपनी मुख्य मांगो को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। रामजी टोला के महिलाओं के एक बड़े समूह ने अपने ज्ञापन में यह उल्लेख किया कि हम समस्त आवेदक गण ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा जिला बालाघाट के अंतर्गत रामजीटोला के वार्ड नंबर 4 , 5 एवं 6 के मुल निवासी है जोकि 2003 से हमारा परिवार उपयुक्त भूखंड खसरा नंबर 445 /1/1/2 पर वर्ष 2003 से कच्चा बांस बल्ली से बना झोपड़ा बनाकर तब से आज दिनांक तक कच्चे मकान पर निवासरत है, यह की वर्तमान में आवेदक गणों को शासन की योजना जैसे नलजल योजना, हैंडपंप, बिजली, शौचालय, एवं मध्य प्रदेश शासन कृषि मंडी बोर्ड द्वारा पक्की सीसी सड़क का भी निर्माण किया जा चुका है किंतु भारत सरकार की कल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सूची में ग्राम पंचायत पांढरवानी के सरपंच सचिव द्वारा निवासरण परिवार का सर्वे नहीं किया जा रहा है, यह बोलकर बात को टाल दिया जाता है कि आपका मकान का पट्टा नहीं है हम कुछ नहीं कर सकते आप सभी लोग कलेक्टर महोदय, माननीय जिला पंचायत माननीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी समस्या को बताएं ग्राम पंचायत पांढरवानी वार्ड नंबर 5 की महिला पंच हेमलता तिलक मात्रे ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि हम जिस भूमि पर वर्ष 2003 से निवासरत है उक्त भूमि का आज तक पट्टा नहीं मिला है हमारी मांग है कि पट मैदान का जल्द सर्वे हो जिससे हम जरूरतमंदों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जल्द मिल सके, रामजी टोला के दर्जनों महिलाओं ने मीडिया के माध्यम से कलेक्टर से अपील की गई है की भूखंड में वर्षों से निवासरत परिवारों को जल्द से जल्द पट्टा दिलाया जाए। इससे उनका प्रधानमंत्री आवास का सपना साकार हो सके।

### भूखंड के पट्टे के लिए दर-दर भटक रही लाडली बहना...

एक तरफ सरकार लाडली बहनों के उज्जवल भविष्य के लिए वो तमाम सुख सुविधाओं का ध्यान रख रही है और उन्हें दैनिक दिनचर्या सुधारने के लिए लाडली बहन योजना का लाभ भी पहुंच रही है ताकि उनकी मूलभूत जरूरत पूरी कर सके वहीं दूसरी तरफ लालबर्रा के ग्राम पंचायत पांडरवानी के रामजी टोला की महिलाएं बहन पट्टा ना मिलने और प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिलने के कारण दुखी है महिला बहनों की मांग है कि उन्हें जल्द भूखंड का पट्टा दिलाया जाए ताकि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने सपनों के आवास का निर्माण कर सके, देखना होगा कि सरकार और जिला प्रशासन लाडली बहनों के लिए क्या प्रयास करता है.. ?

## जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला पंचायत सभागृह में मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सभापति झामसिंह नागेश्वर, डुलेन्द्र ठाकरे, श्रीमती केशर बिसेन तथा सदस्य श्रीमती स्मिता टेकाम, श्रीमती रूकमणी माहुले, श्रीमती मीरा सिंघनदुबे, श्रीमती चेतना कुर्राहे, सुश्री डाली कावरे, प्रकाश उके, डुलीचंद राजमिरे, श्रीमती ज्योति उमरे, श्रीमती रविकांत बोरकर, श्रीमती पूजा टेंभर सुश्री प्रियंका परते, मंशाराम मडावी, डॉ. गीता हनवत, श्रीमती सुनिता बहेटवार के साथ सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि ने इस बैठक में भाग लिया। जहां बैठक के प्रमुख एंजेडे पांचवा वित्त 2021 से 2024 तथा पन्द्रवा वित्त 2021 से 2024 तक वर्ष 2021 से 2024 तक मनरेगा कार्य तथा 2022 से 2024 तक डीएमएफ कार्य की समीक्षा के साथ बालाघाट जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन एवं जिले में निशक्त शिविर आयोजन के साथ वर्ष 2021 से 2024 तक स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की विस्तार के साथ समीक्षा की गई और सदयों ने अपनी अपनी बात क्षेत्र के विकास को दृष्टिकोण रखते हुए बैठक में रखी। अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के अनुसार बैठक में एंजेडे के अनुरूप उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए प्रगति एवं विकास के कार्यो को समय पर सम्पन्न कराने सदस्यों को प्रोटोकाल के अनुसार सम्मान देने तथा क्षेत्र में सम्पन्न विकास कार्यो के भुगतान संबंधी जैसे विषयों पर विचारों का आदान प्रदान हुआ है।

## ग्राम पंचायत पनबिहरी के सभागार मे सरपंच संघ की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी के सभागार में मंगलवार को सरपंच संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष गर्रा सरपंच वैभव सिंह बिसेन, ब्लॉक सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष साल्हे ( मो.) सरपंच चेतन लाल पटले, पनबिहरी सरपंच वीरेंद्र बनवाले, सहित दर्जनों सरपंच साथी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में अनेको विषयों पर चर्चा की गई जिला अध्यक्ष ने बताया कि सरपंच संघ की बैठक समय समय पर आयोजित की जाती आ रही है।

## सागौन रोपण की अनियमितताओं की जाँच करें परियोजना लामता

**बालाघाट।** जनसुनवाई में आये आवेदक सलीम शाह ने वर्ष 2024-25 में वर्षा आधारित सागौन रोपण कार्य में बरती गई अनियमितताओं की जाँच की मांग की गई। आवेदक शाह ने बताया कि सागौन रोपण कार्य परियोजना परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत धारावासी, कंजई, पाटादेही, लोटमारा एवं चरवाही में फर्जी हाजरी लगाकर मजदूरों के खाते में भुगतान कराया जा रहा है। साथ ही निंदाई के कार्य को निंदाई न करवाकर केवल कागज़ों में दर्शाकर राशि आहरण की गई है। कलेक्टर श्री मीना ने शिकायत पर संज्ञान में लेकर प्रबंधक लामता परियोजना को जाँच के निर्देश दिए है।

## एक जिला एक उत्पाद''अंतर्गत भ्रमण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### *जिले के 150 किसानों को पतंजलि फुड एवं हर्बल पार्क नागपुर का कराया गया भ्रमण*

**बालाघाट।** ऋषि एवं कृषि संस्कृति को समर्पित पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क का उद्घाटन रविवार को मिहान नागपुर में किया गया। कृषि उपसंचालक श्री राजेश खोब्रागड़े ने बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा एक जिला एक उत्पाद द्वारा राज्य के बाहर कृषक भ्रमण अंतर्गत 150 कृषकों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण दल में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.एल.राउत, सहायक प्राध्यापक डॉ. उत्तठम बिसेन, कृषि वैज्ञानिक डॉ. रमेश अमूले, प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी श्री कमलेश गौतम सहायक उप निरीक्षक मण्डी श्री मनोज पटले उपस्थित रहे।

पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क नागपुर उद्घाटन समारोह में परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज, परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, मुख्य अतिथि माननीय श्री नितिन गडकरी केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण, मान. श्री देवेन्द्रत फडणवीस मुख्यदमंत्री महाराष्ट्रअ शासन उपस्थित रहे। आयोजित भव्य उद्घान कार्यक्रम में किसानों को पंतजलि के जैविक उत्पावदों तकनीकी मार्गदर्शन एवं सयंत्रों का भ्रमण कराय गया।

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह धरा देश व संविधान को मूर्त्त रूप प्रदान करने वाली है। अब इस धरा से पतंजलि की नवकृषि क्रांति के द्वारा देश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोले जाएँगे। उन्होंने आगे बताया कि यह प्लांट फूड प्रोसेसिंग का सिंगल प्वाइंट व एशिया की सबसे बड़ी यूनिट है। जिसकी प्रतिक्षा क्षेत्र के किसान वर्षों से कर रहे थे। इस संतरा प्रोसेसिंग प्लांट से होगा, इसमें हमें आप सबका साथ व सहयोग चाहिए। इस पूरे क्षेत्र, किसानों व कृषि व्यवस्था की भयावह सूरत हम बदलकर रहेंगे, यह हमारा संकल्प है।

आचार्य जी ने बताया कि उक्त प्लांट की प्रतिदिन 800 टन प्रोसेसिंग क्षमता है। जिसमें हम ए ग्रेड के साथ-साथ बी व सी ग्रेड के संतरे, प्री-मैच्योर उत्पादन, आंधी से टूटकर गिरने वाले संतरे को भी प्रोसेस करते हैं। हमारा यह प्लांट जीरो वेस्टेज सिस्टम पर काम करता है। हमारा कार्य संतरे के छिलके से प्रारंभ होता है जिसमें हम संतरे के छिलके से वॉलिटाइल तथा फ्रेगरेंस ऑयल निकालते हैं। इसके लिए हमने विदेशी तकनीक और पूरे सिस्टम पर रिसर्च की क्योंकि इतना बड़ा प्लांट केवल जूस के भरोसे पर नहीं चलाया जा सकता। हमने इसके बॉय प्रोडक्ट्स पर भी फोकस किया। इस प्लांट को धरातल पर आपके सामने लाने में हमारा काफी समय व पुरुषार्थ लगा। जिसमें हमारी प्राथमिकता स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने तथा स्थानीय किसानों को समृद्धशाली बनाने की है। माननीय प्रधानमंत्री जी का स्वप्न है कि स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाकर देश में मैनपॉवर स्किल तैयार की जाए, उसमें पतंजलि ही अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### होली और ईद शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील

## कटंगी थाने में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने मंगलवार की शाम 05 बजे कटंगी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुलाई. इस बैठक में होली और ईद त्योहार को लेकर विस्तार से चर्चा की. बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे ने की. बैठक में एसडीओपी माणक मणि कुमावत, तहसीलदार सुरेश उपाध्यक्ष, सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता विद्युत राजीव रंजन, थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया सहित नगर के प्रबुद्धजन, पत्रकार गण शामिल हुए. प्रशासनिक अधिकारियों ने होली और ईद के त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की. बता दें कि गुरूवार को अलग-अलग समय में होलिका दहन होगा. जिसके बाद शुक्रवार को क्षेत्र भर में धुरेड़ी का पर्व मनाया जाएगा. शांति समिति की बैठक में त्योहारों को लेकर अन्य विषयों पर चर्चा की गई. बैठक में नागरिकों ने बताया कि शहर की देसी-विदेशी शराब दुकान के सामने ही लोग शराब पी रहे है. जिस कारण महिलाओं का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है. शराब दुकान संचालक शराब के साथ पानी पाउच और डिस्पोजल ग्लास बेच रहे है. शराबी इसी का फायदा उठाकर दुकान के सामने ही शराब पीते है. एसडीओपी ने भरोसा दिया है कि अगर ऐसा हो रहा है तो इस पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी ने नागरिकों से पूछा कि समूचे शहर में कितने स्थानों पर होलिका दहन किया जाता है और होलिका दहन और इसके दूसरे दिन धुरेड़ी की किस तरह की परंपरा कटंगी की है. नागरिकों ने बताया कि शहर में करीब 20 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होता है. नगर के बस स्टैंड में वैदिक होली जलाई जाती है. जिसके साथ फाग गीतों का गायन होता है. नागरिकों ने अत्यधिक साउंड में बजने वाले डीजे पर भी आपत्ति जाहिर की और पुलिस प्रशासन से डीजे संचालकों पर कार्रवाई करने कहा. एसडीओपी ने कहा कि कई बार कार्रवाई की तैयारी की जाती है मगर, स्थानीय लोगों के द्वारा कार्रवाई ना करने का दबाव बनाया जाता है।

## बौद्ध समाज का प्रदर्शन:बीटीएमसी एक्ट खत्म कर मंदिर प्रबंधन सौंपने की मांग



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने महाबोधि मंदिर के प्रबंधन को लेकर मंगलवार को आंबेडकर चौक में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर एसडीएम गोपाल सोनी को ज्ञापन सौंपा।

बिहार के बौद्ध गया के महाबोधि मंदिर का विवाद 1949 में बने बीटीएमसी (बिहार टेंपल मैनेजमेंट कमेटी) एक्ट को लेकर है। बौद्ध समुदाय मांग कर रहा है कि मंदिर का प्रबंधन पूरी तरह से बौद्ध समाज को सौंपा जाए। उनका कहना है कि गैर-बौद्धों के प्रबंधन में मंदिर से पाखंड और अंधविश्वास फैल रहा है।

भदंत धम्मशिखर ने बताया कि वर्तमान में धर्मगुरु अनशन पर हैं और उनकी स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि बीटीएमसी एक्ट 1949 को खत्म किया जाए और मंदिर का प्रबंधन केवल बौद्ध प्रतिनिधियों को सौंपा जाए।

## खाद्य विभाग ने लिया शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का जायजा

**बालाघाट।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को नगर की प्रमुख मिठाई दुकानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे ने बताया कि दल द्वारा मां वैशाली राजपुरोहित मिष्ठान भंडार से कलाकंद, इंदौर स्वीट से मिल्क केक, शगुन स्वीट्स से बालूशाही, मधुर कलश स्वीट से पेड़ा एवं होटल अल्जाइका से दही का नमूना जांच के लिए लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। गत दिवस नगर पालिका द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई की जांच करते हुए सात नमूने जांच के लिए लिये गए है। जिसमें कच्ची खाद्य सामग्री दाल चावल आटा मसाले आदि के सैंपल लिए गए हैं। इसी प्रकार विभाग में प्रमुख डेयरियों से पनीर एवं उसके एनालॉग के 10 नमूने विशेष रासायनिक जांच के लिए लेकर भेजें तथा एमएफटीएल मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री द्वारा लालबर्रा एवं बालाघाट की विभिन्न होटलों से दूध एवं दूध से बने पदार्थ तथा मिठाइयों के नमूने मौके पर ही स्पॉट टेस्टिंग किए गए।

## होली और रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पुलिस थाना किरनापुर में होली और रमजान के त्योहार को ध्यान में रखते हुये शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया। इस दौरान एसडीएम कार्तीकेय जैसवाल,, तहसीलदार श्रीमती पूर्णिमा भगत, थाना प्रभारी किरनापुर अशोक ननामा, यूसुफ पटेल, रामकुमार राणा, मनीष भीमटे, बेनी राम खोटेले, विनीता पाराशर सरपंच, राजेंद्र पाराशर सरपंच पति, विनोद भिमटे, महेश सुलाखे सरपंच प्रतिनिधि, प्रकाश बाहे सरपंच, प्रेमलाल हाथी मारे, भोजराज ठाकरे, कृष्ण कुमार रनगिरे सरपंच, जयप्रकाश रामटेके सरपंच प्रतिनिधि, मनीष उपाध्याय, मानिक खरे, नंदलाल नागेश्वर ,कमलेश कन्नौजे, संत कुमार पारधी, मूलचंद बिसेन , सहित नागरिक उपस्थित रहे ।बैठक में होलिका दहन रात्रि 10 बजे तक अनिवार्य रूप से करने परसहमति बनी है। वहीं पर्व के दौरान नशा करने वालों और हुडदंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी पुलिस ने दी है। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम कार्तीकेय जैसवाल ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे का उपयोग पूरीप्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर साउंड सिस्टम को धीमी आवाज में उपयोग करने और इस बाबत पूर्व में अनुमति लेने की जानकारी भी दी है।बैठक सावधानी के तौर पर फसल के आसपास, बिजली के तार के नीचे और डामर रोड पर होलिका दहन नहीं करने की सलाह दी है। उन्होंने धुरेड़ी और पंचमी केदिन नवाज के समय रंग खेलने के दौरान इतिहात बरतने, जबरदस्ती रंग नहीं लगाने, कीचड़, डामर जले इंजन ऑयल के उपयोग नहीं करने की सलाह देते हुए चंदा वसूली की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### रमजान का दूसरा अशरा आज से शुरू, तीन अशरो में बटा है पवित्र माह रमजान

## पवित्र माह रमजान का पहला अशरा मुकम्मल

### इबादतों का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पवित्र माह रमजान में इबादतों का दौर जारी है।जहां चांद के दीदार के साथ 1मार्च की शाम से शुरू हुए इस पवित्र माह रमजान का आज 11 मार्च दिन मंगलवार को एक अशरा पूरा हो गया है। वहीं माहे रमजान का दूसरा अशरा बुधवार से शुरू होगा ।जिसको लेकर मुस्लिम समाजिक बन्धुओ में काफी उत्साह देखा जा रहा है।आपको बताएं कि माहे रमजान को बरकतों रहमतों, मगफिरतो और फजीलतो वाला महीना भी कहा जाता है ।धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी माह में पवित्र कुरान भी इस धरती पर मुकम्मल तौर पर उतारा गया था।

**03 अशरो में बटा है रमजान:** बताया गया कि इस पवित्र महीने को 3 अशरे में बांटा गया है जिसके मुताबिक पहले से 10 रोजे तक, रहमतों का,10 वे 20 रोजे तक बरकतों का और 20 से 30 वे रोजे तक जहन्नुम की आग से बचाने का हिस्सा माना गया है। इसी 30 रोजे के दरमियान 26वे रोजे की रात को शब ए कद्र मनाई जाती है ।जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग पूरी रात इबादतों में गुजारते हैं और 30 रोजे मुक्कमल कर चांद के दीदार के दूसरे दिन ईद का पर्व मनाया जाता है।

**हर मुस्लिम पर फर्ज है :** रमजान के रोजे इस्लाम मे मुस्लिम समुदाय के लोगों पर 5 फर्जों की अदायगी अनिवार्य की गई है। जिसमें रमजान शरीफ के रोजे रखना भी एक अहम फर्ज है।अपनी इसी फर्ज की अदायगी के लिए मुस्लिम समाज के लोग पूरे साल भर रमजान शरीफ के महीने का इंतेजार करते रहते हैं। और आमदे रमजान पर रोजे रख इस पवित्र महीने को इबादतो गुजारते हैं. जिसका दूसरा अशरा आज बुधवार से शुरू हो गया है।

**सदका खैरात के लिए विशेष महत्व :** बरकतों के इस खास महीने में सदका खैरात का विशेष महत्व होता है। इसमें मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा के साथ-साथ तिलावते कुरान पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावी की विशेष नमाज पढ़ते और लोग जानो माल का सदका ,खैरात व जकात में लीन नजर आते है।

**बाजार हुए गुलजार :** माहे रमजान में जहां एक ओर मुस्लिम क्षेत्रों में रौनके पुनः लौट आई है तो वहीं माहे रमजान पर बाजार गुलजार हो गए हैं। कपड़ा मार्केट ,किराना दुकान ड्राई फूड व फल बाजार आदि में अभी से भीड़ जुटने लगी है। जहां से लोग रमजान ईद के लिए कपड़े ,टोपी ,सुरमा, राशन ,सेहरी की मिठाईयां अन्य ड्राई फूड व विभिन्न प्रकार के फलों खरीदते नजर आ रहे हैं । मार्केट में इन दिनों सबसे ज्यादा खजूर की बिक्री हो रही है क्योंकि रोजा इफ्तार में खजूर का सबसे पहले सेवन करने की धार्मिक परंपरा है। इसके चलते लोगों को विभिन्न वैरायटीयो की खजूर खरीदते देखा जा रहा हैं। बाजारो मे रौनको का यह सिलसिला चांद रात तक देखा जाएगा।जहां ईद का चांद नजर आने की रात तक जमकर खरीदारी होगी। वही चांद के दीदार के अगले ही दिन ईद का पर्व मनाया जाएगा।

## चरलापल्ली से रक्सौल के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

### गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर और मदनमहल से होकर गुजरेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन की शुरुआत की है। चरलापल्ली से रक्सौल और वापसी में रक्सौल से चरलापल्ली तक दो फेरों की होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। पहले फेरे में ट्रेन संख्या 07713 चरलापल्ली से 11 मार्च को रात 9 बजे रवाना होगी।

### 13 मार्च को रक्सौल पहुंचेगी पहली स्पेशल ट्रेन

यह 12 मार्च को सुबह 7:50 बजे गोंदिया, 8:38 बजे बालाघाट, 10:24 बजे नैनपुर और दोपहर 1 बजे मदनमहल पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 मार्च को रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 07714 रक्सौल से 15 मार्च को दोपहर 3 बजे रवाना होगी। यह 16 मार्च को सुबह 11 बजे मदनमहल, 2:40 बजे नैनपुर, 4:10 बजे बालाघाट और 5:30 बजे गोंदिया पहुंचेगी।

ट्रेन 17 मार्च को सुबह चरलापल्ली पहुंचेगी। सांसद भारती पारधी ने कहा कि इस ट्रेन का लाभ जिले के यात्रियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि वे बालाघाट से रायपुर और भोपाल के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करवाने के लिए भी प्रयासरत हैं। इसके लिए रेल मंत्री और विभाग से पत्राचार और चर्चा की जा रही है।

### दूसरा फेरा 18 मार्च को चरलापल्ली से रवाना होगा

दूसरे फेरे में यही ट्रेन 18 मार्च को चरलापल्ली से रात 9 बजे रवाना होगी, जो 19 मार्च को सुबह 7:30 बजे गोंदिया, 8:36 बजे बा ला घा ट , 10:22 बजे नैनपुर और दोपहर 1 बजे मदनमहल पहुंचेगी। यह ट्रेन 20 मार्च को सुबह 10:50 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

वापसी में 21 मार्च को रक्सौल से दोपहर 3 बजे रवाना होगी, जो 22 मार्च को सुबह 10:53 बजे मदनमहल, दोपहर 2:40 बजे नैनपुर, अपराह्न 4:10 बजे बालाघाट, शाम 5:30 बजे गोंदिया पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 मार्च को सुबह 7:30 बजे चरलापल्ली पहुंचेगी। रेलवे विभाग की ओर से होली स्पेशल ट्रेन को गोंदिया-बालाघाट और जबलपुर के रास्ते संचालित किया जा रहा है, जिससे यात्री प्रयागराज और वाराणसी की यात्रा भी कर सकते हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

**बालाघाट।** शासकीय संयुक्त आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बालाघाट में आयोजित इस शिविर में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। श्री भूपेन्द्र सिंह व्यवहा न्यायाधीश ने मध्यस्थता योजना के बारे में बताया कि यह विवादों को निपटाने की एक सरल और निष्पक्ष प्रक्रिया है। उन्होंने मध्यस्थता के लाभों के बारे में भी जानकारी दी, जिनमें विवादों का शीघ्र समाधान, गोपनीयता और सामाजिक सद्भावना कायम रखने में मदद शामिल है। इसके अलावा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि शिक्षा से व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है और समाज में एक सक्रिय नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने पॉक्सों अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम और नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी।